दिनांक 29.12.2018

स्वच्छ भारत अभियान स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम भिलाई के महापौर एवं भिलाई नगर विधायक देवेन्द्र यादव आज वार्ड 28 छावनी एसीसी चौक से ठेठवारपारा, ड्राईवर लाईन, श्रमिक बस्ती से बीसीसी चौक तक पहुंचे राजीव नगर में मोहल्ले वासियों द्वारा पुष्पगुच्छ, पुष्पमाला से स्वागत व विभिन्न स्थानों पर जगह–जगह स्वागत किया।

श्री यादव ने अण्डा चौक सामुदायिक भवन के समीप स्थित अपने कार्यालय पहुंचकर नागरिकों से मुलाकात भी किये और उनकी समस्याओं से अवगत हुए प्रमुख समस्याओं में पानी, बिजली, राशन कार्ड एवं पेंशन से संबंधित निराकरण हेतु जोन आयुक्त संजय शर्मा एवं उपस्थित अधिकारी, कर्मचारी को निर्देश दिये गये जिसका अतिशीघ्र निराकरण करने कहा गया।

महापौर एवं भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव के दौरे के समय वार्ड पार्षद तुलसी पटेल, जोन आयुक्त संजय शर्मा, स्वच्छता निरीक्षक बसंत साहू, उप अभियंता योगेंद्र साहू, उप अभियंता श्वेता वर्मा, उप अभियंता डिगेश्वरी चंद्राकर सहित गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

जनसम्पर्क अधिकारी